www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली, रविवार, 12 अप्रैल 2026

## सुविचार



जहां हिम्मत समाप्त होती है, वहीं हार की शुरूआत होती है। आप धीरज मत खोइये अपना कदम फिर से उठाइये।

-संत ललितप्रभ

## बरेली के प्रमुख समाचार


- जंक्शन की अजब कहानी, खुफिया निगरानी 'बेमानी'-II
- 'नॉलेज पार्टनरशिप' से बदलेगी गरीबों की तकदीर- III
- एमडीसीए और आईके नेक्स्ट जनरेशन के बीच खिताबी जंग-IV


## न्यूज ब्रीफ

### बरेली-नई दिल्ली एक्सप्रेस का कासगंज तक मार्ग विस्तार

बरेली, अमृत विचार : रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 14316/14315 बरेली-नई दिल्ली-बरेली एक्सप्रेस का मार्ग कासगंज तक विस्तारित करने का निर्णय लिया है। मार्ग विस्तार का शुभारंभ 13 अप्रैल को विशेष ट्रेन के संचालन के साथ किया जाएगा। 05303 बदायूं-नई दिल्ली विशेष ट्रेन 13 अप्रैल को दोपहर 12 बजे बदायूं से रवाना होगी। यह ट्रेन बरेली जंक्शन से 13 :15 बजे प्रस्थान करते हुए भिटौरा, नगरिया सादात, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, पिलखुआ, गाजियाबाद, साहिबाबाद, आनंद विहार, तिलक ब्रिज और शिवाजी ब्रिज होते हुए शाम 8 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। रेलवे के अनुसार इस विशेष ट्रेन में कुल 14 कोच लगाए जाएंगे। रेल अधिकारियों का कहना है कि इस मार्ग विस्तार से कासगंज, बदायूं और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को राजधानी तक बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे यात्रा सुगम होने के साथ समय की भी बचत होगी।

### बुखार, सर्दी-जुकाम के मरीजों की भरमार

बरेली, अमृत विचार : मौसम में बदलाव के चलते मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। शनिवार को जिला अस्पताल में बुखार, सर्दी व जुकाम के मरीजों की संख्या अधिक रही। महीने का दूसरा शनिवार होने के कारण आधे दिन ही ओपीडी चली, मगर एक बजे तक दवा काउंटर पर मरीजों की भीड़ रही।सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक ओपीडी का संचालन हुआ। मौसम में उतार-चढ़ाव और दिन में तेज धूप की वजह से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा हे। दो दिन बारिश-आंधी के बाद शनिवार को गर्मी ने तेवर दिखाए।

## शहर में आज

- श्री सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्री राम कथा से पूर्व कलश यात्रा सोमनाथ नाथ मंदिर प्रभात नगर से सुबह 9 बजे।
- कुर्मी क्षत्रिय सभा की ओर से 18 वां सर्वजातीय परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह समारोह कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास ब्रह्मपुरा में सुबह 11 बजे।
- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के झंडा ग्राउंड में एमबीबीएस के छात्रों के मध्य क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच डे नाइट शाम 5 :15 बजे से।
- एसआरएमएस में श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 का समापन शाम 5 बजे।
- बाबा श्री नीलकंठ मंदिर राजेन्द्र नगर में शिव महापुराण कथा शाम 5 से 9 बजे।
- रोटरी क्लब बरेली साउथ का 7 वां बैडमिंटन टूर्नामेंट स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 10 बजे।
- आईएमए फुटबॉल लीग सीजन-3 आईएमए फार्म डोहरा रोड पर दोपहर 3 बजे।
- उत्तर प्रदेश प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा शैक्षिक संगोष्ठी व सम्मेलन होटल विक्रान्त पीलीभीत बाईपास रोड पर दोपहर 12 बजे

विकास-धर्म साथ तो दिक्कत की क्या बात: सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे पंचमुखी मंदिर का अग्रभाग सेवादार खुद तुड़वा रहे

# स्वामी कैलाशानंद ने मिनटों में दूर कर दीं सबकी चिंताएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- धर्मकांटा-कोहाड़ापीर चौड़ीकरण के आड़े में आ रहा था हिस्सा
- पंचायती निरंजनी अखाड़े से जुड़ा है यह प्राचीन मंदिर
- मजदूर जुटाकर खुद तुड़वाया जा रहा मंदिर का आगे का भाग

**अमृत विचार :** विकास और धर्म जब-जब सामने आते हैं तो विवादों के साए घने होते हैं और जब साथ आते हैं तो जटिल मसले भी मिनटों में हल हो जाते हैं। नाथ नगरी बरेली ने ऐसा ही सकारात्मक संदेश समाज को देने का काम किया है। नाथनगरी बरेली में धर्मकांटा चौराहे पर स्थित प्राचीन पंचमुखी हनुमान मंदिर के आगे का सवा मीटर का हिस्सा मुख्यमंत्री ग्रिड योजना के तहत हो रहे चोड़ीकरण में अवरोध बन रहा था। शहर के प्रमुख आस्था केन्द्रों में शामिल यह मंदिर निरंजनी अखाड़ा की देखरेख में है और निरंजन पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी जी महाराज यहां समय-समय पर पहुंचकर प्रवास करते हैं। उन्होंने मंदिर सेवाकारों को अग्रभाग का हिस्सा खुद तुड़वाने के निर्देश जारी कर विकास की बाधा दूर करा दी।

स्वामी कैलाशानंद के फैसले के आगे श्रद्धालु-समाज ही नहीं, बल्कि नगर निगम और प्रशासन का पूरा अमला नतमस्तक नजर आ रहा है। हर कोई कह रहा है कि बरेली में धर्म और विकास कंधे से कंधा मिलाकर साथ आगे बढ़ रहे हैं। दूसरे धर्मगुरू भी मंदिर का हिस्सा खुद तोड़े जाने के निर्णय की जमकर प्रशंसा कर रहे हैं। मंदिर सेवादारों का कहना है कि इस पहल का सबसे महत्वपूर्ण पहलू हनुमान जी की दिव्य मूर्ति को सुरक्षित रूप से पीछे की ओर शिफ्ट करने की प्रक्रिया है। मंदिर प्रबंधक धीरज पांडेय ने ''अमृत विचार'' से बातचीत में कहा कि नगर निगम के नोटिस का सम्मान करते हुए और शहर की व्यवस्था सुचारू बनाए रखने की प्राथमिकता को समझकर यह कदम उठाया जा रहा है। यह उन लोगों के लिए बड़ा संदेश है, जो सड़कों पर धार्मिक स्थलों की आड़ लेकर जनहित की योजनाओं में रुकावट पैदा करते हैं।

फिलहाल, मंदिर के अग्रभाग को मजदूरों की टीम दूसरे दिन भी रात में बेहद सावधानी से हटाने में लगी रही, ताकि मुख्य ढांचे को आंच न आए। काफी हिस्सा हटा भी दिया गया। यह दृश्य लोगों के लिए कौतूहल और गर्व दोनों का विषय है। लोग देख रहे हैं कि कैसे शासन की प्राथमिकता वाली योजना को एक संत का आशीर्वाद मिल रहा है। कहा जा रहा है कि महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद की उदारता ने न केवल प्रशासन व नगर निगम की राह आसान की है, बल्कि समाज को यह पाठ भी पढ़ाया है कि सच्ची भक्ति वही है जो जनहित और विकास की साक्षी बने।



महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी।



सूद धर्मकांटा चौराहा स्थित प्राचीन पंचमुखी मंदिर का अग्रभाग काफी हद तक तोड़ा जा चुका है। ● अमृत विचार

## मुश्किलें तो और भी...बस हल करने वाले चाहिए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में कुछ और ऐसे स्थान हैं, जहां धर्मस्थल सड़क चौड़ीकरण की राह में बाधा बन रहे हैं और लंबे समय से विभाग फैसला नहीं ले पा रहे हैं।

डोहरा रोड पर नकटिया नदी के पुल के पास मंदिर हो या रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के पास मस्जिद व जाट रेजीमेंट सेंटर के समीप मजार, लंबे समय से पूरा सिस्टम उनकी ओर देख रहा है। रामगंगा नगर बनने के बाद शहर उस ओर विस्तार ले रहा है लेकिन बाईपास के पास मंदिर की वजह से सड़क चौड़ी नहीं हो पा रही। यही कहानी पीलीभीत बाईपास और बरेली-शाहजहांपुर रोड पर मस्जिद व मजार की वजह से है, जहां सम्बंधित विभाग चाहकर भी तंग सड़क को लंबे समय से देख रहे हैं और कुछ कर नहीं पा रहे। प्राचीन पंचमुखी मंदिर का अग्रभाग स्वतः तोड़े जाने का संदेश बाकी जगहों पर भी ऐसा माहौल बनाएगा, फिलहाल हर कोई यही उम्मीद कर रहा है।



डोहरा-बाईपास रोड पर सड़क से किनारे मंदिर। ● अमृत विचार



जाट रेजीमेंट के पास सड़क किनारे मजार। ● अमृत विचार

## धर्मगुरुओं की बात



सार्वजनिक हित की परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की बाधा डालना उचित नहीं है, क्योंकि ये जनता की सुविधा के लिए होती हैं। यदि निर्माण की राह में कोई धार्मिक स्थल आता है, तो उसे आपसी समन्वय और सहानुभूति के साथ पास की खाली जगह पर शिफ्ट कर देना चाहिए। विकास के नजरिए से हर वर्ग को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सकारात्मक रुख अपनाना चाहिए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी अड़चन के आमजन तक पहुंच सके।

– **मौलाना शहाबुद्दीन**, अध्यक्ष, ऑल इंडिया मुस्लिम जमात



विकास कार्य सदैव जनहित में होते हैं, इसलिए शासन और प्रशासन का सहयोग करना हर नागरिक का कर्तव्य है। जीवन के लिए रोटी, कपड़ा और मकान अनिवार्य है, उसी तरह धार्मिक स्थलों का भी अपना विशेष महत्व है। यदि ये स्थल किसी सरकारी परियोजना में बाधा बन रहे हैं, तो नियमों का पालन करते हुए सहयोग करना चाहिए। प्रशासन को भी चाहिए कि कार्रवाई से पहले जनसंवाद करे।।

–**ज्ञानी काला सिंह**, मुख्य ग्रंथी, सिख धर्म प्रचारक

# नैनीताल रोड पर कई अस्पताल स्कूलों को निगम का 'रेड नोटिस'

## कोहाड़ापीर से कुदेशिया फाटक तक 55 संपत्तियों पर लगाए लाल निशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नैनीताल रोड को सीएम ग्रिड योजना के तहत मॉडल रोड के रूप में विकसित करने की राह में रोड़ा बन रहे अतिक्रमण पर नगर निगम का डंडा चलना तय हो गया है। शनिवार को भी नगर निगम की निर्माण विभाग की टीम ने चिह्नीकरण अभियान जारी रखा, जिसमें कोहाड़ापीर पेट्रोल पंप से लेकर कुदेशिया फाटक तक सड़क के दोनों ओर 55 छोटे-बड़े अवैध कब्जे चिह्नित किए गए। निगम की इस कार्रवाई की जद में बड़े स्कूल-कॉलेजों की दीवारें, अपार्टमेंट के गेट, बरातघर, अस्पताल और दर्जनों दुकानें आ रही हैं। टीम ने पाया कि कई स्थानों पर नगर निगम की सरकारी भूमि पर एक फीट से लेकर 16 फीट तक अवैध निर्माण कर लिया गया है। नोटिस चस्पा कर इनको सात दिन का समय दिया गया है।

नगर निगम ने स्पष्ट कर दिया है कि चिह्नों की जद में आने वाले सभी अवैध हिस्सों को समय सीमा के भीतर यदि कब्जेदारों ने स्वयं नहीं हटाया, तो निगम प्रशासन कोहाड़ापीर रोड की तर्ज पर बुलडोजर एक्शन शुरू करेगा। इधर, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य का कहना है कि मानचित्रकारों और अभियंताओं की टीम ने वर्ष 1920-1921 के पुराने नक्शों को आधार बनाकर निगम की मूल सड़क की सीमा का निर्धारण किया है। हालांकि, कई प्रतिष्ठान संचालकों ने निगम की पैमाइश पर आपत्ति जताई और इसे गलत बताया, लेकिन अधिकारियों ने उनसे दो टूक शब्दों में कहा है कि सात दिन का समय बीतते ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी, ताकि शहर को जाम मुक्त और सुंदर मॉडल रोड की सौगात मिल सके। इस दौरान यदि किसी ने सरकारी काम में बाधा डालने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। पुलिस बल भी मौजूद रहेगा।



नैनीताल रोड पर नापजोख करती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार



अतिक्रमण का लगाया निशान।

### 'संपत्ति बीडीए से खरीदी, निगम कैसे तुड़वा रहा'

गुलाब राय कालेज के सामने निगम टीम ने दुकानों और घरों पर 10 से 12 फीट तक के हिस्से को अवैध बताते हुए लाल निशान लगाए हैं। लोगों का कहना है कि तीस साल पहले बीडीए से संपत्ति खरीदी थी। दस्तावेज हैं, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। महिलाएं बोलीं, जो निशान लगाए हैं, उससे कारोबार खत्म हो रहा। तमाम लोग रामगंगा नगर पहुंचे और बीडीए वीसी डा. मनिकंडन. ए से भेंट कर पीड़ा बयां की। राजीव, मयंक कपूर, सरजीत, देवेंद्र आदि ने कहा कि बीडीए की ओर से बेची गई संपत्ति पर निगम को बुलडोजर चलाने का अधिकारी नहीं है। वह मेयर और नगर आयुक्त को भी साक्ष्य सौपेंगे।


### कब्रिस्तान की जमीन पर 80 दुकानें निशाने पर

कोहाड़ापीर क्षेत्र में वक्फ संपत्ति और कब्रिस्तान की भूमि पर नगर निगम ने 80 दुकानें अवैध पाई हैं, जो निर्धारित सीमा से 7 से 15 फीट तक सरकारी जमीन दबाए हुए हैं। संपत्ति प्रभारी राजीव कुमार राठी ने संबंधित मुतावल्ली को नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर इन दुकानों को खाली करने के आदेश दिए हैं। कहा गया है कि अवैध निर्माणों स्वयं नहीं हटाया गया, तो निगम एक्शन लेगा।

# सभी सीटों पर बदल गया वोट गणित चुनाव में होते दिखेंगे बड़े उलटफेर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पहले के मुकाबले विधानसभा क्षेत्रों में औसत 20-25 हजार बढ़े वोट
- 2026 चुनावी रण में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगी नई वोट पावर



**अमृत विचार :** वोटों के नए समीकरण बरेली की राजनीति में बड़े परिवर्तन का कारण बन सकते हैं! एसआईआर-2026 के आंकड़ों ने साफ कर दिया है कि आगे जीत-हार के और भी कड़े मुकाबले देखने को मिल सकते हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में जहां मीरगंज में भाजपा की सबसे बड़ी जीत हुई थी फरीदपुर में सपा को बहुत मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। अब हर सीट पर जुड़े 20 से 25 हजार नए मतदाता नया इतिहास लिखने को तैयार नजर आ रहे हैं ।

आंकड़ों के अनुसार, 10 अप्रैल 2026 तक बरेली में मतदाताओं की कुल संख्या 29,48,987 पहुंच चुकी है, जिसमें अकेले 16.09 लाख से अधिक पुरुष और 13.39 लाख से अधिक महिला मतदाता शामिल हैं। इस बार पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान अकेले फॉर्म-6 (नए मतदाता) के 2,64,672 दावों को स्वीकार किया गया है। मतदाताओं की इस भारी वृद्धि का सीधा असर बिथरी चैनपुर (3,70,974 वोटर) और भोजीपुरा (3,63,479 वोटर) जैसी सीटों पर पड़ेगा, जहां अब जीत-हार का गणित पूरी तरह बदल चुका है। बहेड़ी, नवाबगंज और बरेली कैंट जैसी सीटों पर भी मतदाताओं की संख्या में उछाल आया है। पिछले चुनावों के रिकॉर्ड खंगाले जाएं तो कई सीटों पर हार-जीत का फैसला महज पांच से दस हजार वोटों के बीच रहा था। ऐसे में जब 2026 की रनभूमि सजेगी, तो नए 2.57 लाख से अधिक वोटर्स और 50 हजार युवा चेहरे तय करेंगे कि बरेली की राजनीति में किसका कद बढ़ेगा और किसका रिकॉर्ड टूटेगा। नया आंकड़ा उन दिग्गजों के लिए भी चेतावनी है जो पिछली जीत के अंतर को आधार मानकर चल रहे थे। साफ है कि इस बार 'वोटों का नया गणित' बड़े-बड़े सूरमाओं का खेल बिगाड़ने वाला है। ऐसे में आगामी चुनाव के लिए पार्टियों को अभी से डिजिटल कैंपेन और सोशल मीडिया पर अपनी पकड़ और मजबूत करनी होगी। भाजपा, सपा और बसपा, कांग्रेस जैसी प्रमुख पार्टियों के रणनीतिकार आंकड़ों का बूथ-वार विश्लेषण कर रहे हैं। टिकट बंटवारे में भी उन प्रत्याशियों को वरीयता दी जा सकती है जिनकी छवि युवाओं के बीच लोकप्रिय हो और जो रोजगार व आधुनिक बुनियादी ढांचे जैसे मुद्दों पर स्पष्ट विजन रखते हों।

### आधी आबादी का दिखेगा प्रभाव

जिले की राजनीति में इस बार महिला मतदाता किसी भी दल का समीकरण बनाने-बिगाड़ने का दम रखती हैं। आंकड़ों के अनुसार, जनपद में महिला मतदाताओं की संख्या 13,39,606 तक पहुंच गई है। खास बात यह है कि जेंडर रेशियो (लिंगानुपात) में भी सुधार दर्ज किया गया है, जो ड्राफ्ट पब्लिकेशन के समय 815 था और अब बढ़कर 832 हो गया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि महिलाएं अक्सर 'साइलेंट वोटर' की भूमिका निभाती हैं। ऐसे में जिस भी दल की योजनाएं और सुरक्षा वादे महिलाओं को प्रभावित करेंगे, वह सत्ता की सीढ़ी आसानी से चढ़ सकेगा।

### युवाओं की भूमिका निर्णायक

आगामी चुनाव में 18-19 आयु वर्ग के 50,281 युवा मतदाता पहली बार वोट डालेंगे, जो किसी भी विधानसभा सीट पर निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। ये वो मतदाता हैं जो सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं और पारंपरिक राजनीति के बजाय विकास, रोजगार और शिक्षा को प्राथमिकता देते हैं।युवाओं का यह फ्रेश वोट बैंक राजनीतिक दलों को अपनी पुरानी रणनीति बदलकर नए और आधुनिक वादे करने पर मजबूर करेगा।

# कुतुबखाना में पनीर व खोया के पांच नमूने भरे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जांच को लिए सैंपल



**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने शनिवार को कुतुबखाना स्थित खोया मंडी में छापेमारी की। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में टीम ने रौनक ट्रेडर्स से खोया, पनीर, भगवान दास खोया सेंटर से खोया, विक्रेता अफसर आलम से खोया, यूनुस अली के प्रतिष्ठान से खोया के नमूने लिए।

टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश, तेज बहादुर सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह और इंद्रजीत सिंह शामिल रहे। टीम को देख कई दुकानदार शटर गिराकर खिसक लिए। नमूनों को जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद यदि नमूनों में मिलावट की पुष्टि होती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मिशन 2027

भोजीपुरा से आशीष पटेल तो बिथरी से डा. फाजिल का उतरना लगभग तय, मीरगंज, नवाबगंज, बहेड़ी, आंवला में पाला-बदल होने के आसार

# गुपचुप तैयारी.. भाजपा-सपा के कई दिग्गज करेंगे हाथी की सवारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मिशन-2027 की तैयारी में जुटी बहनजी मायावती की बरेली बिग्रेड ने भाजपा-सपा को जिले में झटके पर झटके देने की तैयारी कर ली है। सत्तारूढ़ भाजपा और सपा कैंप में सक्रिय होकर टिकट की उम्मीद लगाए कई सूरमा हालात देखते हुए बी प्लान पर भी काम कर रहे हैं और चुपके-चुपके बसपा संगठन से संपर्क बढ़ा रहे हैं। कुछ दिग्गज चुनावी समय में बेटिकट होते ही हाथी की सवारी करते नजर आएंगे। बसपा की टिकट पर भोजीपुरा सीट से दमदार कुर्मी चेहरा आशीष पटेल और भोजीपुरा से अल्पसंख्यक दांव के रुप में डा. मोहम्मद फाजिल का उतरना लगभग तय हो चुका है।



आशीष पटेल।



डा.फाजिल।

आशीष पटेल बिथरी से दो बार बसपा विधायक रहे कद्दावर नेता दिवंगत वीरेन्द्र सिंह के सुपुत्र हैं और पिता की राजनैतिक विरासत आगे बढ़ाने में जुटे हैं। आशीष पटेल ने 2022 विधानसभा चुनाव बिथरी सीट से लड़ा था। तब भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर ब्लाक प्रमुख योगेश पटेल बागी होकर भोजीपुरा में बसपा के उम्मीदवार बने थे। योगेश खुद जीत तो नहीं सके मगर भाजपा की हार का बड़ा फैक्टर जरूर साबित हुए थे। योगेश पटेल अब फिर से भाजपा कैंप में हैं। वहीं, आशीष पटेल कैंप से जुड़े लोगों के अलावा बसपा संगठन भी यह बात खुलकर कह रहा है कि इस बार वह भोजीपुरा के मैदान में ताल देते नजर आएंगे। सभी जानते हैं कि आशीष के पिता स्व. वीरेन्द्र सिंह बरेली के बड़े राजनैतिक छत्रप माने जाते थे। पिता के असमय निधन के बाद से आशीष पटेल लगातार नीला झंडा थामकर आगे बढ़ रहे हैं। बसपा को उनसे भोजीपुरा में बड़ी उम्मीद है, क्योंकि इस क्षेत्र में बड़ी तादाद कुर्मी मतदाताओं की है और आशीष समाज के प्रमुख युवा चेहरा हैं।

बसपा संगठन के अनुसार, टिकट के लिए दूसरे खिलाड़ी आला हजरत अस्पताल के संचालक डा. मोहम्मद फाजिल हैं। चिकित्सा पेशे से जुड़े होने के साथ समाज पर उनकी अच्छी पकड़ भी बताई जाती है। डा.फाजिल के रूप में बसपा बिथरी में अल्पसंख्यक कार्ड खेलने की तैयारी में हैं, यह बात भी लगभग फाइनल है। बात अब मीरगंज, नवाबगंज, बहेड़ी, फरीदपुर, आंवला की करें तो इन सीटों से टिकट की लाइन में दूसरे दलों के दावेदार भी मेल-मिलाप शुरू कर चुके हैं। बसपा नेताओं के साथ वार्ताओं के दौर शुरू हो चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि बसपा मीरगंज, नवाबगंज, बहेड़ी में कुर्मी, बरेली शहर में कायस्थ, कैंट में मुस्लिम, आंवला में मौर्य कार्ड खेलने पर मंथन-मनन कर रही है। फरीदपुर रिजर्व सीट है।

### संगठन में पद तो टिकट नहीं देगी बसपा: जिलाध्यक्ष



बसपा जिलाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह ने 'अमृत विचार' को बताया पार्टी विधानसभा चुनाव में किसी ऐसे चेहरे को टिकट नहीं देगी, जो संगठन में पद संभाल रहे हैं। जिले की हर सीट पर दमदार प्रत्याशी उतारे जाएंगे। भोजीपुरा सीट से दमदार युवा नेता आशीष पटेल और बिथरी चैनपुर से डा. मोहममद फाजिल का नाम लगभग तय है। बाकी जगहों पर भी कई-कई दावेरों टिकट की लाइन में है। जिले की अन्य सीटों पर जल्द ही मजबूत चुनावी चेहरे फाइनल कर दिए जाएंगे।

## सिटी ब्रीफ

### हार्ट अटैक से सिपाही की मौत

बरेली, अमृत विचार : हार्ट अटैक से एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। जिला अलीगढ़ निवासी हेड कांस्टेबल धर्मवीर सिंह (51) चौपुला क्षेत्र में निजी आवास पर रहते थे। शनिवार को वह सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा में ड्यूटी कर रहे थे। दोपहर करीब 3:30 बजे वह खाना खाने आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने साथी आरक्षी सौरव कुमार को सीने में दर्द और सांस लेने में दिक्कत होने की बात कही। कुछ ही देर बाद वह बेहोश होकर गिर पड़े। साथियों की मदद से उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



### अभय स्पेशल जज एससी-एसटी नियुक्त

विधि संवाददाता, बरेली : इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश से सत्र न्यायाधीशों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन रामानंद के स्थान पर आजमगढ़ से आयीं संदीपा यादव, वहीं रामानंद को एडीजे-4/ स्पेशल जज ईसी एक्ट अमृता शुक्ला के स्थान पर तैनात किया है। एडीजे अभय श्रीवास्तव को विजेंद्र त्रिपाठी के स्थान पर स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट, अमृता शुक्ला व विजेंद्र त्रिपाठी बतौर एडीजे सत्र न्यायालय में कार्यरत रहेंगे।

### विद्युत उपकेंद्रों पर सिगरेट का धुंआ उड़ाने पर होगी कार्रवाई

बरेली, अमृत विचार : बिजली उपकेंद्रों और भंडार केंद्रों पर ज्वलनशील वस्तु ले जाने और धूम्रपान करने पर विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। अग्नि सुरक्षा के मद्देनजर मुख्य अभियंता ने सभी उपकेंद्रों, भंडार केंद्रों और कार्यशालाओं में निर्देश जारी किए हैं। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि सुरक्षा मानकों की अनदेखी से जान-माल का खतरा बढ़ रहा है, जिसे देखते हुए तत्काल प्रभाव से सभी इकाइयों को फायर सेफ्टी मैनेजमेंट गाइडलाइंस का पालन सुनिश्चित करना होगा। सभी उपकेंद्रों व कार्यशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाने, आपातकालीन नंबर प्रदर्शित करने और कर्मचारियों को अग्निशमन प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए हैं। परिसर में धूम्रपान व ज्वलनशील वस्तु उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

### करंट से मजदूर की मौत, रिपोर्ट दर्ज

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर थाना क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान में हुई लापरवाही ने एक मजदूर की जान ले ली। नल में दौड़ रहे करंट की शिकायत के बावजूद समय पर सुधार न कराने का खामियाजा मजदूर को जिंदगी गंवाकर चुकाना पड़ा। पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। खजुरिया गांव निवासी रीता देवी ने बताया कि उनके पति सत्यपाल गांव के ही तस्लीम खान के मकान में मजदूरी कर रहे थे। शुक्रवार को काम के दौरान प्यास लगने पर सत्यपाल पानी पीने के लिए नल के पास पहुंचे। जैसे ही सत्पाल ने नल को छुआ, वह करंट की चपेट में आ गए। साथी मजदूर उन्हें अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने जांच के बार उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# जंक्शन की अजब कहानी, खुफिया निगरानी 'बेमानी'

## जंक्शन पर लगाए गए थे 150 सीसीटीवी कैमरे, सही कराने के बजाय 113 हटाए, अगर घटना हुई तो जीआरपी कैसे अंधेरे में तीर चलाएगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- प्लेट फार्म-1 को छोड़ कर किसी भी जगह नहीं है सीसीटीवी कैमरे
- जक्शन क्षेत्र में पहले हो चुकीं अपहरण, दुष्कर्म जैसी वारदातें भी

**अमृत विचार** : दिल्ली-लखनऊ के बीच सबसे बड़े रेल पड़ाव और सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील बरेली जंक्शन की खुफिया निगहवानी थम सी गई है। कभी यहां की निगरानी को 150 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। उसके बाद जैसे-जैसे कैमरे खराब होते रहे, उनको हटाया जाता रहा। चौंका देने वाली बात ये है कि अब तक 113 कैमरों हटा तो दिए गए हैं मगर लगाए बिल्कुल नहीं गए। इंस्पेक्टर जीआरपी पत्र पर पत्र दोड़ा रहे हैं रहे हैं मगर रेलवे प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा। ऐसे में अगर जंक्शन पर कोई अनहोनी हुई तो राजकीय रेलवे पुलिस कैसे अंधेरे में तीर चलाएगी, इसे लेकर कई सवाल उठ रहे हैं।

जंक्शन परिसर से बाहर तक की स्थिति यह है कि कुल 37 सीसीटीवी कैमरे ही बचे हैं। उसमें से भी दो खराब हैं। प्लेटफॉर्म नंबर- 1 को छोड़कर कहीं भी सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था नहीं है। इसे लेकर जीआरपी लगातार चिंता जाहिर कर रही है। जंक्शन पर पहले भी अपहरण, चोरी और सिटी स्टेशन पर दुष्कर्म जैसी गंभीर घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जीआरपी थाना प्रभारी सुशील वर्मा ने इस गंभीर समस्या को लेकर तीन बार संबंधित विभाग को पत्र लिखकर खराब कैमरे ठीक कराने या हटाए गए कैमरों की जगह नए लगवाने की मांग की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। नए कैमरे लगाने के बजाय पुराने कैमरों को भी हटा दिया गया। जिससे सुरक्षा व्यवस्था और कमजोर हो गई है। बरेली जंक्शन उत्तर रेलवे के व्यस्त स्टेशनों में से एक है, जहां से प्रतिदिन दो से ढाई सौ ट्रेनें गुजरती हैं और करीब 50 हजार से अधिक यात्री सफर करते हैं।

### बच्ची चोरी के वक्त काम आया था सीसीटीवी

बता दें कि बीते साल हरिद्वार के रहने वाले पति पत्नी अपने बच्चों के साथ यहां सरकारी अस्पताल में दवा लेने के लिए पहुंचे थे। जहां से बच्ची का किडनैप हो गया। बच्ची के माता-पिता ट्रेन का इंतजार ही कर रहे थे कि मौके पर घात लगाए एक दंपति ने बच्ची को वहां से किडनैप कर लिया और बेचने के इरादे से ले गया। माता-पिता को जैसी पता चला की बच्ची नहीं है तो शोर मचाया। मौके पर जीआरपी पुलिस पहुंची तो सीसीटीवी खंगाले गए। इसके बाद रेलवे पुलिस ने छह दिन की कड़ी मेहनत के बाद और कई सीसीटीवी कैमरे देखने के बाद बच्ची को बरामद करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस घटना का खुलासा करने में भी सीसीटीवी कैमरे की ही मदद मिली थी।

### स्टेशन के पास हुआ था एटा की किशोरी से रेप

बीते साल एटा में रहने वाले परिवार के छह सदस्य उत्तराखंड के टनकपुर गए थे। वहां मेला में शामिल होने के बाद सभी लोग बरेली सिटी रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन सभी को सिटी स्टेशन से कासगंज जाने वाली दूसरी ट्रेन पकड़नी थी। रात को वे सभी भूलवश दूसरी ट्रेन में चढ़ गए। भूलवश गलत ट्रेन में बैठी किशोरी से देर रात में दरिंदगी की गई। इस वारदात को तब अंजाम दिया गया जब वह बरेली सिटी और बरेली जंक्शन के बीच आउटर पर बोगी से कूदकर वापस जा रही थी। इसी बीच आरोपी उसे झाड़ियों में खींच ले गया। वह दुष्कर्म कर आरोपी मौके से फरार हो गया। तब बदहवास व घायल किशोरी रेल पटरी किनारे पैदल चलते हुए आरपीएफ के पास पहुंची। जिसका देर रात स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

> रेलवे अफसरों से तीन बार पत्राचार करते हुए जंक्शन पर पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की जा चुकी। यहां पर कैमरे लगाने के बजाय पुराने खराब पड़े 113 कैमरे भी हटा दिए गए हैं। हालत यह है कि 150 कैमरे में सिर्फ 37 बचे हैं उसमें से भी खराब पड़े हैं। संवेदनशील रेलवे जंक्शन की सुरक्षा की लिहाज से यह स्थिति चिंताजनक है।
> – **सुशील वर्मा**, जीआरपी थाना प्रभारी

### किन्नर ने काटा हंगामा, पुलिस ने पकड़ा

बरेली, अमृत विचार : देर रात किन्नर ने सड़क पर जमकर हंगामा काटा। यह देखकर मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किन्नर को समझने का प्रयास किया लेकिन जब वह नहीं माना तो उसे पड़कर थाने ले जाया गया। शनिवार की देर रात सुभाष नगर रोड पर एक किन्नर ने शराब पीकर जमकर हंगामा काटा। उसने लोगों के साथ अभद्रता और गाली गलौज भी किया। यह देखकर वहां लोगों की भीड़ जुड़ गई। सूचना पर सुभाषनगर पुलिस में पहुंची और उसने भी किन्नर को समझने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माना इसके बाद वह पुलिस से भी अभद्रता करने लगा। पुलिस उसे जबरन पड़कर थाने ले आई। सुभाष नगर पुलिस ने बताया कि किन्नर सड़क पर हंगामा कर रहा था। उसे समझाने का प्रयास किया गया लेकिन वह नहीं माना तो उसे थाने लाए।

# ट्रक ड्राइवर ने रास्ते में बेच डाले लाखों के नारियल, केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ट्रांसपोर्टर ने मेरठ व पंजाब भिजवाया था नारियल
- माल खराब बताकर ड्राइवर ने किया गोलमाल

**अमृत विचार** : थाना इज्जतनगर क्षेत्र के एक व्यापारी को ट्रक ड्राइवर ने लाखों की चपत लगा दी। मेरठ और पंजाब भेजा गया ट्रक में लदा नारियल उसने रास्ते से ही गायब कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना कैंट के ठिरिया निजावत खां निवासी थोक व्यापारी जीलानी खां ने पुलिस को बताया कि उन्होंने 14 मार्च 2026 को केजीएम ट्रांसपोर्ट कंपनी के माध्यम से 8200 पीस नारियल पानी मेरठ और पंजाब भेजा था। माल ट्रक संख्या यूपी-38 एटी 0695 से रवाना किया गया था, जिसे संभल निवासी चालक जितेंद्र सिंह चला रहा था। माल खराब होने की सूचना मिलने पर उसे वापस मंगाया गया। इसी दौरान चालक ने भरोसे का फायदा उठाते हुए माल को वापस पहुंचाने के बजाय बीच रास्ते में ही बेच दिया। पैसे और माल की मांग की तो ड्राइवर टालमटोल करने लगा। माल हजम कर उसे 4.42 लाख रुपये की चपत लगा दी गई। का नुकसान हुआ है। इंस्पेक्टर इज्जतनगर सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

# सीबीगंज में स्कूल से लौट रही छात्रा को सरेआम किडनैप करने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ऑटो चालक ने जबरन बैठाया, हाथ पकड़कर की छेड़खानी
- हिन्दू संगठनों ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की

**अमृत विचार**: थाना सीबीगंज क्षेत्र में स्कूल से घर लौट रही छात्रा के सरेआम अपहरण की कोशिश से हड़कंप मच गया। छात्रा को अकेला देखकर ऑटो चालक ने उसे जबरन बैठा लिया और गलत रास्ते पर ले जाकर छेड़खानी की। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकला। मामला दो समुदायों से जुड़ा बताया गया है। इसे लेकर हिन्दू संगठन गुस्से में हैं और पुलिस से शिकायत कर आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की गई है।

पीड़ित छात्रा क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है और कक्षा छह में पढ़ती है। परिवार ने हिन्दूवादी संगठनों को जानकारी दी कि शनिवार दोपहर बच्ची स्कूल से घर आ रही थी। आरोप है कि रास्ते में महेशपुरा निवासी दूसरे समुदाय के ऑटो ड्राइवर ने छात्रा को जबरन अपने ऑटो में बैठा लिया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। विरोध पर उसने ऑटो गलत रास्ते पर दौड़ा दिया। उसका मंसूबे अपहरण के थे। डरी सहमी छात्रा लगातार शोर मचाती रही। इससे आरोपी के पैर उखड़ गए और वह छात्रा को ऑटो उताकर भाग निकला। हिंदू जागरण मंच युवा के जिलाध्यक्ष हिमांशु पटेल ने बताया कि मामला बेहद गंभीर है। छात्रा के साथ कुछ भी अनहोनी सकती थी। हिमांशु ने यह आरोपी कट्टर विचार रखने वाला बताया जाता है और सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट कर चुका है। फिलहाल इसकी शिकायत सीबीगंज पुलिस से की गई है। संगठन के लोग कल थाने पहुंचकर आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी की मांग करेंगे। कुछ दिन पहले भोजीपुरा में छात्रा से गैंगरेप और सीबीगंज में अपहरण की कोशिश से अफसर सकते में हैं। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई होगी।

# रेस्टोरेंट में हंगामा-हाथापाई पर दरोगा लाइन हाजिर


- फरीदपुर में होटल स्टाफ से किया था विवाद

**बरेली, अमृत विचार**: फरीदपुर के रेस्टोरेंट में साथियों के साथ खाना खाकर हंगामा करना दरोगा को महंगा पड़ा। प्रबंधन ने बरेली से लखनऊ तक शिकायत की। जिसके बाद एसएसपी ने दरोगा को फील्ड पोस्टिंग से हटाकर लाइन हाजिर कर दिया है।

एसएसपी बरेली अनुराग आर्या का पुलिसकर्मियों के व्यवहार और आचरण को लेकर लगातार लगातार गंभीर रुख अपनाते आ रहे हैं। जब-जब उदंडता, उदासीनता या अपराधियों से सांठगांठ के मामले सामने आए हैं, पुलिस कप्तान ने सम्बंधित पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई करके दिखाई है। इसके बाद भी पुलिसकर्मियों के व्यवहार को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। ताजा मामला फरीदपुर थाने का है। शिकायत के अनुसार, थाने में तैनात दरोगा रविंद्र राणा पर राजधानी होटल के मैनेजर कमल कुमार ने आरोप लगाया था कि चार अप्रैल की रात सब इंस्पेक्टर राणा तीन साथियों के साथ नशे में रेस्टोरेंट आ गए थे। उन्होंने खाना खाया। मैनेजर ने बिल मांगा तो वह अभद्रता करने लगे। गाली गलौज की। आरोप है कि ग्राहकों से भी धक्कामुक्की की। हंगामे के बाद धमकी देते हुए चले गए। मामले की शिकायत थाने में की गई मगर पुलिस ने नहीं सुनी। जिसके बाद मैनेजर ने डीजीपी कार्यालय से लेकर शासन तक शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की।

# मैथोडिस्ट गर्ल्स कॉलेज जमीन मामले में जल्द बड़ा खुलासा संभव

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- कॉलेज के मैदान में कब्जा करने वालों में शीघ्र खुल सकते हैं नए नाम
- पुलिस ने विवेचना की शुरू, एक वकील और कारोबारी को नाम आ रहा सामने
- साक्ष्य संकलन के लिए पुलिस जुटा रही कागजात, कोर्ट में रिट की भी चल रही बात

**अमृत विचार** : शहर के प्रतिष्ठित मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की बेशकीमती जमीन को लेकर चल रहे कथित कब्जे और लीज घोटाले की जांच अब नए मोड़ पर पहुंच गई है। पुलिस विवेचना में जल्द ही कुछ नए नाम सामने आने की संभावना जताई जा रही है, जिनमें एक वकील और एक कारोबारी का नाम भी चर्चा में है।

पुलिस ने जमीन खरीदने वाली फर्म से जुड़े सभी साझीदारों की कुंडली खंगालनी शुरू कर दी है। आरोप है कि करोड़ों रुपये की कीमत वाली जमीन को लीज के जरिए बेहद कम दामों पर निपटाया गया, जिससे गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है।

यह मामला तब सामने आया जब डीआईओएस की ओर से गठित जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके बाद से पुलिस ने साक्ष्य संकलन तेज कर दिया है और संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही है। वहीं डीआईओएस की शिकायत पर पुलिस ने डॉ. न्यूटन एम परमार, सुनील मसीह और हरीश अरोरा के नाम मुकदमा दर्ज किया था। क्षितिज इंटरप्राइजेज से जुड़े लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। वहीं जीएसटी विभाग से मिली जानकारी के बाद जांच और तेज कर दी गई है। इंस्पेक्टर कोतवाली धनंजय पांडे ने बताया कि जांच अभी जारी है और कई अहम तथ्य सामने आ रहे हैं। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस मामले से जुड़ी कोई रिट कोर्ट में दाखिल है या नहीं, जिसकी भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सबूतों के आधार पर केस से और नाम भी जोड़े जा सकते हैं।

# मॉर्निंग रेड : 52 घरों में पकड़ी बिजली चोरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली



चेकिंग अभियान चलाती बिजली विभाग की टीम। ● अमृत विचार

- ऑनलाइन बिजली कटने के बाद डाल रखी थी कटिया

**अमृत विचार** : ऑनलाइन विद्युत कनेक्शन कटने के बावजूद 10 दिनों से रिचार्ज न कराने वालों, हाई लाइन लॉस क्षेत्रों में मॉर्निंग रेड की गई। 600 उपभोक्ताओं के कनेक्शन चेक किए गए। 52 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में 473 उपभोक्ताओं के कनेक्शन चेक कराए गए। इसमें 44 के घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। इस दौरान 23 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। आठ के मीटर बदलने के साथ 3.64 लाख रुपये राजस्व वसूली की गई। नगर क्षेत्र में 127 उपभोक्ताओं के कनेक्शन चेक किए गए। इसमें आठ घरों में बिजली चोरी मिलने पर एफआईआर दर्ज कराई गई। वहीं 102 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए। बिजली चोरी के मामलों को आरएमएस पोर्टल पर भी अपलोड किया गया। मुख्य अभियंता ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### 25 हजार रुपये बिल जोड़कर काट दी बिजली

बरेली, अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र के कटरा चांद खां निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उनके घर पर चार किलोवाट का कनेक्शन है। साथ ही योजना के तहत चार किलोवाट का सोलर पैनल लगा है। वह कंपनी के एप में नियमित बन रही बिजली व उपभोग के साथ बिल को देखते रहते हैं। बीते दिनों अचानक से एक दिन में 25 हजार रुपये का बिल एप में जोड़ दिया गया। इसकी जानकारी करता उससे पहले आपूर्ति ऑनलाइन काट दी गई। शुक्रवार सुबह कटी बिजली जुड़वाने के लिए अफसरों से मुलाकात की। कनेक्शन न जुड़ने पर एक वीडियो बनाकर वायरल किया। इसका अधिकारियों ने संज्ञान लिया तो आपूर्ति बहाल हुई।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes
July 2026 session in the following disciplines

- Faculty of Medical Sciences
(All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- Faculty of Pharmacy
- Faculty of Dental Sciences
(All Specialities)
- Faculty of Management

Application Fee
- For Indian Candidate Rs. 2000/-
- NRI/Foreign National Candidate Rs. 5000/- or $60 USD

Last Date of Receiving Application : 30th May, 2026

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit university website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

# रेल संरक्षा व यात्री सुविधाओं को परखा



अफसरों के साथ स्टेशन का निरीक्षण करतीं डीआरएम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीआरएम ने बरेली जंक्शन व मुरादाबाद रोजा रेलखंड का निरीक्षण किया

**अमृत विचार** : उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल की डीआरएम विनीता श्रीवास्तव ने शनिवार को मुरादाबाद-रोजा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर रेल संरक्षा, परिचालन व्यवस्था और यात्री सुविधाओं को परखा। उन्होंने शाहजहांपुर-बंथरा रेलखंड स्थित समपार फाटक 325-सी का जायजा लिया और संरक्षा मानकों की समीक्षा की।

डीआरएम ने 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के अंतर्गत शाहजहांपुर स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का देखा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण किए जाएं, ताकि यात्रियों को आधुनिक और उन्नत सुविधाएं मिल सकें। इसके बाद बरेली जंक्शन पर डीआरएम ने प्लेटफॉर्म, पॉवर केबिन और स्टेशन यार्ड का निरीक्षण किया और यात्री सुविधाओं की स्थिति को परखा। अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) पारितोष गौतम, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रास्ट्रक्चर) प्रेमशंकर झा आदि मौजूद रहे।

### आईफोन खरीदने के लिए चोरी की बाइक, गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : महंगे मोबाइल फोन खरीदने के शौक ने दो युवकों को अपराध की राह पर धकेल दिया। पवन विहार क्षेत्र से बाइक चोरी करने के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों चोरी की बाइक बेचकर आईफोन खरीदने की फिराक में थे।

रुहेलखंड चौकी के दरोगा मनीष भारद्वाज ने बताया कि पवन विहार इलाके से कुछ दिन पहले एक बाइक चोरी होने की शिकायत मिली थी। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में दो युवक बाइक ले जाते हुए दिखाई दिए थे। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी नितिन और अमन सागर निवासी परवाना नगर ने कबूल किया कि उन्होंने बाइक चोरी की थी और उसे बेचकर आईफोन खरीदने चाहते थे। पुलिस ने उनके पास से चोरी की बाइक और वारदात को अंजाम देने वाली दोनों बाइके बरामद कर ली है। दोनों ने बताया कि उन्होंने पहली बार बाइक चोरी की थी।

# मुश्किल : रिश्तों में तूफान अपने ही बन रहे शैतान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: सरकार महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को सख्त कदम उठा रही है, लेकिन घरों की चाहरदीवारों के अंदर की जुल्म कथाएं पुलिस की चिंताए लगातार बढ़ा रही हैं। घरेलू हिंसा, रिश्तों पर आंच और आसपास रहने वालों से महिलाओं की सुरक्षा को खतरे के मामले सामने आ रहे हैं।



> महिला उत्पीड़न की शिकायत मिलते ही तुरंत कार्रवाई कराई जा रही है। फिर चाहे उनका उत्पीड़न कोई अपना कर रहा हो या फिर बाहर वाला। पुलिस ऐसे कई लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। आगे भी महिला उत्पीड़न करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई होती जाती रहेगी।
> – **मानुष पारिक**, एसपी सिटी

### केस-1 : पति बना रहा महिला पर देह व्यापार को दबाव

बरेली, अमृत विचार : बारादरी की रहने वाली महिला ने बताया कि उसका पति कोई काम नहीं करता। वह जो काम धाम करके पैसा कमाती है। वह भी उससे छीनता है। विरोध करने पर वह उसके साथ मारपीट करता है। साथ ही खुद की आत्महत्या की बात कहकर परिवार का शोषण कर रहा है। आरोप है कि पति महिला पर देह-व्यापार करने का दबाव बना रहे है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### केस-2: ससुर ने बहू की तोड़ डालीं हड्डी-पसली

बरेली। बिथरी इलाके की रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि उसके पति से विवाद के बाद ससुराल वाले उसे इस शर्त पर बुलाकर ले गए कि वह अब उसे परेशान नहीं करेंगे। लेकिन जैसी ही वह ससुराल पहुंची वहां ससुरालियों ने उसे परेशान करना शुरू कर दिया। आरोप यह भी है कि महिला के शरीर के प्राईवेट पार्ट पर लकड़ी से जख्म कर दिए गए। उसकी हड्डी और पसलियां भी तोड़ दी गई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### केस-3 : मकान मालकिन को अकेला देख किराएदार बना हैवान

बरेली, अमृत विचार : प्रेमनगर के शास्त्रीनगर की रहने वाली महिला ने बताया कि उसके घर में एक किरायेदार रहता है। एक दिन उसने उसे अकेला देखकर छेड़खानी की और दुष्कर्म का प्रयास भी किया। पीड़िता ने किसी तरह खुद को बचाया। इसके बाद एसएसपी कार्यालय पहुंचकर मामले की शिकायत की। एसएसपी ने प्रेमनगर पुलिस को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने के आदेश दिए है।

## सिटी ब्रीफ

### जिले से इस बार 695 आजमीन करेंगे हज यात्रा

**बरेली, अमृत विचार :** हज यात्रा के लिए यात्रियों की तैयारी अंतिम चरण में है। जिले से इस बार 695 आजमीन हज यात्रा करेंगे। इस संबंध में उन्हें ट्रेनिंग दी जा चुकी है। दिल्ली से हज यात्रियों की पहली फ्लाइट 18 अप्रैल से शुरू होगी। वहीं लखनऊ से हज फ्लाइट 22 अप्रैल से रवाना होगी। हज सेवा समिति के पम्मी खां वारसी ने बताया कि हज यात्रियों को बरेली हज सेवा समिति द्वारा ट्रेनिंग दे दी गई है। जरूरी बातों और बारीकियों को बताया गया है। सभी आजमीन ए हज ने अपनी तीसरी किस्त भी जमा कर दी है।

### दलित उत्थान के कार्यों को सराहा

**बरेली, अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कटरा चांद खां स्थित अंबेडकर भवन में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने में असमर्थता व्यक्त की है। डॉ. भीमराव अंबेडकर दलित उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील सागर के भेजे गए निमंत्रण पर पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्र भेजकर बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में अत्यधिक व्यस्तता के कारण फिलहाल समय देना संभव नहीं हो पा रहा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी। पार्टी को मजबूत करने की अपील करते हुए दलित उत्थान के कार्यों की सराहना की।

### संपर्क अभियान में दी योजनाओं की जानकारी

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज में ग्राम चलो अभियान के तहत गांव-गांव पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद किया गया। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार और भाजपा विधानसभा संयोजक डॉ. मीनाक्षी गंगवार ने बकैनिया, बरौर, काशी धर्मपुर और रसूला पट्टी में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। सांसद ने कहा कि योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक बिना भेदभाव तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। गरीब परिवारों को पक्के मकान और उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन के साथ आयुष्मान भारत योजना में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। राम मोहन गंगवार, रिंकू अवस्थी, महिपाल गंगवार, नीतीश उपाध्याय, हरीश, धीरेंद्र, गजेंद्र गंगवार, ज्योति गंगवार, निरंजन गंगवार मौजूद रहे।

# खुले नाले से मंदिर के सामने हादसे का डर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते मंदिर समिति के पदाधिकारी व क्षेत्रवासी। ● अमृत विचार

● बालाजी विहार कॉलोनी के लोगों ने नगर आयुक्त से 15 मीटर लिंटर स्लैब डालने की मांग की

● कहा-श्रद्धालु, बच्चे और बुजुर्ग हर दिन जान जोखिम में डालकर निकलने को हैं मजबूर

**अमृत विचार:** नर्सरी रोड स्थित बालाजी विहार कॉलोनी में बाबा नर्मदेश्वर नाथ शिव मंदिर के ठीक सामने करीब छह फुट गहरा खुला नाला स्थानीय लोगों के लिए किसी खतरे से कम नहीं है। मंदिर प्रबंध समिति और क्षेत्रवासियों के बार-बार गुहार लगाने के बावजूद नगर निगम प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। बुधवार को मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को ज्ञापन सौंपकर दो टूक कहा कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का सबब बनेगी।

प्रबंध समिति के सचिव विमल कुमार पाण्डेय ने कहा कि सिद्धार्थ नगर कॉलोनी से आने वाला यह नाला हमेशा गंदे पानी से लबालब रहता है। मंदिर के सामने नाला खुला है। श्रद्धालु, बच्चे और बुजुर्ग जान जोखिम में डालकर यहां से निकलते हैं। कई लोग इस अंधेरे और गहरे नाले में गिरकर लहूलुहान हो चुके हैं, लेकिन अधिकारियों की फाइलें धरातल पर उतरने का नाम नहीं ले रही हैं। क्षेत्रवासियों ने मांग करते हुए कहा कि मंदिर के सामने नाले के ऊपर कम से कम 15 मीटर लंबा लिंटर स्लैब तत्काल डलवाया जाए, ताकि सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके। चेताया कि यदि समय रहते समस्या का निदान नहीं हुआ तो आंदोलन को मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में रामाधार मिश्रा, संजय मिश्रा, रवि तिवारी और रमाकांत मिश्रा सहित तमाम लोग शामिल रहे।

## कई केंद्रों पर गेहूं खरीद की रफ्तार बेहद सुस्त

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार:** नवाबगंज क्षेत्र में गेहूं खरीद प्रक्रिया शुरू तो हो गई है, लेकिन शुरुआती दौर में ही व्यवस्थाओं की कमी साफ नजर आ रही है। सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए 12 गेहूं क्रय केंद्र खोले गए हैं, जहां किसानों से सीधे खरीद की व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद कई केंद्रों पर तौल की रफ्तार बेहद धीमी बनी हुई है,

बरेली-पीलीभीत हाईवे स्थित रिछोला किफायतुल्ला गांव के पास कृषि उपमंडी स्थल समेत विभिन्न केंद्रों पर खरीद शुरू की गई है। बारदाने की कमी के चलते तौल समय पर शुरू नहीं हो सकी। शुक्रवार से जैसे-तैसे प्रक्रिया शुरू हुई, लेकिन दो दिन में महज करीब एक हजार कुंतल गेहूं ही खरीदा जा सका है।केंद्रों पर पर्याप्त इंतजाम न होने के कारण किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

# जन आरोग्य मेले में लगेगा एचपीवी टीकाकरण कैंप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से मिलेगी सुरक्षा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के मौके पर रविवार को तीन नगरीय स्वास्थ्य केंद्र पुराना शहर, नदोसी और पीरबहोड़ा पर किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीकाकरण शिविर का आयोजन होगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि एचपीवी टीकाकरण अभियान मिशन मोड में संचालित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जिले की बेटियों को एक स्वस्थ और कैंसर मुक्त भविष्य देना है। स्वास्थ्य केंद्रों के सभी प्रभारियों को वैक्सीन की उपलब्धता और सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। 14 वर्ष की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने के लिए टीका लगाया जाएगा। प्रत्येक आशा कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र से कम से कम 4 पात्र लाभार्थियों को उनके अभिभावकों के साथ केंद्र पर लाने का लक्ष्य दिया गया है। टीकाकरण के साथ-साथ अभिभावकों को वैक्सीन की महत्ता के बारे में जागरूक किया जाएगा। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के डॉ. अजमेर सिंह के अलावा सभी अपर एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी निरीक्षण करेंगे। डीआईओएस व बीएसए ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि रविवार के दिन वे अपनी 14 वर्ष की बेटियों को इस कैंप में लाकर उन्हें इस घातक बीमारी से सुरक्षित करने के लिए टीका लगवाएं।

# 'नॉलेज पार्टनरशिप' से बदलेगी गरीबों की तकदीर

## निर्धन परिवारों के मुखियाओं को दी जाएगी विशेष ट्रेनिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली



डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

● प्रशासन का फ्यूचर व इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी से नॉलेज पार्टनरशिप के लिए हुआ करार

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के 'जीरो पावर्टी' अभियान को जिले में धरातल पर उतारने के लिए बड़ी पहल की गई है। अति-निर्धन परिवारों को गरीबी के कुचक्र से बाहर निकालने के लिए डीएम अविनाश सिंह ने शासन के निर्देश पर शुक्रवार को इन्वर्टिस और फ्यूचर यूनिवर्सिटी से महत्वपूर्ण करार किया। जिसका उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों के तकनीकी ज्ञान और छात्रों की ऊर्जा का उपयोग ग्रामीण विकास के लिए करना है। डीएम का मानना है कि इस ''नॉलेज पार्टनरशिप'' के माध्यम से गांवों में आर्थिक सुधार का एक नया अध्याय शुरू होगा, जिले की ग्राम पंचायतें पूरी तरह से गरीबी मुक्त हो सकेंगी।

योजना के तहत चिन्हित किए जिले के हजारों 'जीरो पावर्टी' परिवारों के मुखिया को विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि अक्सर यह देखा गया है कि जानकारी और कौशल के अभाव में ग्रामीण सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते, इसलिए अब सीधे परिवार के मुखिया को प्रशिक्षित करने पर जोर देना है। दोनों ही यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ इन मुखियाओं को स्वरोजगार, लघु उद्योग, पशुपालन और सरकारी अनुदान प्राप्त करने की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित करेंगे।

यह ट्रेनिंग न केवल उन्हें जागरूक करेगी, बल्कि उन्हें अपने परिवार की आय बढ़ाने के लिए नए रास्ते भी दिखाएगी। दावा है कि यह फ्यूचर प्लान जिले की आर्थिक तस्वीर बदलने वाला साबित होगा। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी नोडल अधिकारी डीपीआरओ करेंगे। ताकि यह पता चल सके कि हर पात्र परिवार को उचित मार्गदर्शन और सहायता मिल रही है। जब परिवार का मुखिया स्वयं हुनरमंद और जानकार होगा, तो वह अपने परिवार को बेहतर जीवन स्तर प्रदान कर सकेगा। जिला प्रशासन ने दोनों एमओयू (समझौता ज्ञापन ) वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिए गए हैं।

## प्रीपेड मीटर पोस्टपेड होने के इंतजार में तमाम उपभोक्ता

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। केंद्र सरकार की तरफ से प्रीपेड स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता समाप्त किए जाने के बाद अब उपभोक्ताओं के सामने विकल्प खुल गए हैं। जिले में अब तक करीब 1.34 लाख उपभोक्ताओं के यहां प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जबकि 34 हजार पोस्टपेड मीटरों को विभाग ने खुद ही प्रीपेड में परिवर्तित कर दिया था।

अनिवार्यता समाप्त होने के बाद मीटर बदलने को लेकर विभाग और उपभोक्ताओं के बीच विवाद होने की आशंका जताई जा रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मध्यांचल मुख्यालय से अभी तक इस संबंध में कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। पिछले वर्ष स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू होते ही विरोध भी सामने आया था, लेकिन बाद में यह कार्य तेजी से आगे बढ़ा। इस दौरान उपभोक्ताओं को यूपीपीसीएल का स्मार्ट एप भी इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया गया।

# राहत : कल से चलेगी गोमती नगर-बान्द्रा टर्मिनस विशेष ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● इज्जतनगर सहित कई प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी



**अमृत विचार :** गर्मी के सीजन में मुंबई जाने वाले यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। रेल प्रशासन ने भीड़ को देखते हुए 13 अप्रैल से 11 मई तक गोमती नगर-बान्द्रा टर्मिनस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन बरेली मंडल के इज्जतनगर स्टेशन सहित कई प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी। जिससे स्थानीय यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर संजीव शर्मा ने बताया कि गोमती नगर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक सोमवार को गोमती नगर से दोपहर 2 बजे रवाना होगी और रास्ते में बादशाहनगर, डालीगंज, सीतापुर, लखीमपुर, मैलानी, पीलीभीत और इज्जतनगर शाम 7:17 बजे समेत कई स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए अगले दिन रात 8 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में 05034 बान्द्रा टर्मिनस-गोमती नगर स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को रात 11 बजे बान्द्रा टर्मिनस से चलेगी और दूसरे दिन विभिन्न स्टेशनों से होते हुए इज्जतनगर रात 12:47 बजे पहुंचकर तीसरे दिन सुबह 7:35 बजे गोमती नगर पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन कुल 5 फेरों के लिए संचालित की जाएगी। ट्रेन में कुल 22 कोच लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यात्रियों को सुगम यात्रा उपलब्ध कराने के लिए इस विशेष गाड़ी का संचालन किया जा रहा है। बरेली सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को मुंबई जाने में काफी सहूलियत मिलेगी।

## हीट वेव से निपटने की तैयारी तेज

**बरेली, अमृत विचार :** भीषण गर्मी की आशंका के चलते स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव से निपटने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। जिला अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर हीट स्ट्रोक मरीजों के लिए बेड के साथ दवाओं का भी स्टॉक किया जा रहा है।

अर्बन नोडल अधिकारी डॉ अजमेर सिंह के अनुसार मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार भीषण गर्मी की आशंका को देखते हुए इस बार अभियान में हीट वेव प्रबंधन को भी प्राथमिकता दी गई है। फ्रंटलाइन वर्कर्स को इसके लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे लू के लक्षणों, बचाव और प्राथमिक उपचार के बारे में लोगों को जागरूक कर सकें। अभियान के दौरान प्रत्येक परिवार के सदस्यों का आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) नंबर भी बनाया जाएगा, जिससे उनका स्वास्थ्य डेटा डिजिटल रूप से सुरक्षित रखा जा सके।




# सड़क ठीक करने के नाम पर दो विभागों में सांप-सीढ़ी का खेल



बदहाल पीलीभीत बाईपास रोड। (फाइल फोटो)।

● बैरियर टू से फीनिक्स मॉल तक दो किलोमीटर ऊबड़-खाबड़ सड़क का मामला

● अनुबंध की कॉपी देने में कतरा रहीं अभियंता, पीडब्ल्यूडी और जल निगम में ठनी

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर बैरियर टू से फीनिक्स मॉल तक दो किलोमीटर सड़क बदहाल है। जल निगम ग्रामीण ने तीन साल पहले सीवर लाइन डालने के लिए सड़क बनाई थी। नियम के अनुसार खोदाई के बाद सड़क को वापस पीडब्ल्यूडी की इस सड़क को पुरानी चमक देनी थी, लेकिन जल निगम ने ऐसा नहीं किया। इस दो किलोमीटर के टुकड़े पर राहगीर रोज अपनी जान हथेली पर रखकर सफर करने को मजबूर हैं।

इस पूरे खेल में जल निगम ग्रामीण जहां सड़क ठीक करने के नाम पर सांप-सीढ़ी का खेल खेल रहा है। वहीं, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन भगत सिंह ने साफ कर दिया है कि जल निगम ग्रामीण को सड़क उसी हाल में लौटानी थी, जैसी उसने ली थी। इसके लिए वह लगातार पत्राचार कर रहे हैं। दो बार लिखित में भी अनुबंध की कॉपी मांगी गई, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके, लेकिन वह ''''लायबिलिटी पीरियड'''' का बहाना बनाकर पल्ला झाड़ रही हैं। जिले के मुखिया की सख्ती भी इस विभाग की सुस्ती नहीं तोड़ पाई है। पिछले महीने दोनों विभाग के एक्सईएन को बुलाकर डीएम ने सीएम के संभावित दौरे को लेकर वार्ता की थी, तब भी पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन ने तर्क दिया था यह सड़क जल निगम ग्रामीण को बनानी है, इनकी लापरवाही के कारण जब भी कोई वीआईपी शहर में आता है तो पीडब्ल्यूडी को मजबूरी में पैचवर्क कराना होता है, जबकि यह सिरदर्द जल निगम की देन है। बावजूद जल निगम की एक्सईएन ने अनुबंध की कॉपी नहीं उपलब्ध कराई है।

एक्सईएन भगत सिंह का कहना है कि अनुबंध की कॉपी न देना यह साबित करता है कि कमियां छिपाने की कोशिशें की जा रही हैं। इधर, जल निगम ग्रामीण की एक्सईएन कुमकुम गंगवार का कहना है कि सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़क को पूरी तरह ठीक करा दिया था। सड़क अब लायबिलिटी पीरियड से बाहर है, इसकी जानकारी पीडब्ल्यूडी को भी है। आरोप निराधार लगाए जा रहे हैं।

## मुस्कान ने अपनाया हिन्दू धर्म कुनाल भट्ट से किया विवाह



**बरेली, अमृत विचार :** बिजनौर की रहने वाली मुस्कान ने हिन्दू धर्म अपनाकर बरेली में प्रेमी संग विवाह कर लिया। सुभाषनगर क्षेत्र में स्थित अगस्त्य मुनि आश्रम में पंडित केके शंखधार ने वैदिक रीति-रिवाज से शादी संपन्न कराई। बताया गया है कि नजीबाबाद की रहने वाली मुस्कान सोशल मीडिया के जरिए बरेली में कुर्मांचल नगर के रहने वाले कुनाल भट्ट के संपर्क में आई थी। दोस्ती प्यार में बदल गई और दोनों ने साथ जिंदगी बिताने का फैसला कर लिया। शादी के लिए कुनाल और मुस्कार ने अगस्त्य मुनि आश्रम के संचालक पंडित शंखधार से संपर्क किया। मुस्कान ने स्वेच्छा से हिन्दू धर्म अपनाने की बात की। सभी कागजी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पंडित शंखधार ने उसे सनातन धर्म ग्रहण कराया। इसके बाद मंत्रोच्चार के बीच मुस्कान और कुनाल विवाह के पवित्र बंधन में बंध गए।

## गन्ना मूल्य भुगतान को जल्द आर -पार का आंदोलन करेगी भाकियू

**बरेली/बहेड़ी: अमृत विचार** :भाकियू (भानू )के प्रदेश अध्यक्ष अमर सिंह ने कहा कि केसर मिल पर किसानों का 180 करोड़ रुपया बकाया है,लेकिन शासन -प्रशासन किसानों को उनका पैसा दिलाने में पूरी तरह से नाकाम हो गया है। किसानों को उसका पैसा दिलाने के लिए भाकियू बहुत जल्द आर -पार का आंदोलन करेगी।भाकियू के पदाधिकारियों ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में केसर मिल प्रबंधन ने पैसा भुगतान के लिए लिखित मसौदा दिया था, लेकिन उस पर कोई अमल नहीं हुआ।

## सिटी डायरी

### लखनऊ में अधिवक्ता सम्मेलन में जुटे बरेली के कांग्रेसी



**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उत्तर यूपी कांग्रेस कमेटी ने लखनऊ के गांधी सभागार में अधिवक्ता सम्मेलन आयोजित किया। कार्यक्रम में पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डे, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनू सिंघवी, राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी, आयोजक यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, प्रदीप नरवाल, विधानसभा में नेता विपक्ष आराधना मिश्रा मोना प्रदेश के हर जिले से पहुंचे अधिवक्ताओं का स्वागत किया। बरेली से निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलीम अख्तर, निर्वतमान प्रदेश सचिव चौधरी असलम मियां, हेमेंद्र शर्मा एडवोकेट, हेमन्त चौधरी, रविंद्र सहारा एडवोकेट प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

### मरीजों को पौधे बांटकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



**बरेली, अमृत विचार :** होम्योपैथी के जन्मदाता डॉ. हैनीमैन का जन्मदिन सरपाल होम्योपैथी के सभागार में मनाया गया। रोगियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे वितरित किए गए। डॉ. पुनीत सरपाल ने बताया कि पिछले 44 वर्षों से डॉक्टर हैनिमैन के जन्मदिन पर रोगियों को पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए पौधे बांट रहे हैं। इस वर्ष भी रोगियों को पर्यावरण के लाभ बताते हुए क्लीनिक पर पौधों का वितरण किया गया। डॉ. पुनीत सरपाल, महाक लाली सिंह, अशफाक, मनमीत, अनीता, ममता, रविंद्र कुमार सक्सेना, सचिन श्रीवास्तव, अमित सिंह, रेखा, रतन कश्यप, प्रियम सरपाल, स्वाति मीना, निशि आदि मौजूद रहे।

### ब्लू स्टर की नई कॉमर्शियल मशीन की दी जानकारी



**बरेली, अमृत विचार :** कूल आप्रेट सेंटर स्थित 50/51 एमसीआई प्लाजा द्वारा ब्लू स्टर की कार्यशाला होटल द ग्रांड निर्वाणा में शुक्रवार रात आयोजित की गई। जिसमें शहर के आर्किटेक्ट ने भाग लिया। ब्लू स्टर के नार्थ इंडिया हेड अनिन्दया साहा ने टीम के साथ ब्लू स्टर की नई कॉमर्शियल मशीन के बारे में तकनीकी जानकारी दी। जिसे सभी आर्किटेक्ट ने सराहा। बरेली आर्किटेक्ट के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, वरिष्ठ आर्किटेक्ट अनुपम सक्सेना, पवन भट्ट, अनिल सक्सेना, रोहित सिंघल, विभोर भारतीय आदि मौजूद रहे।

### महात्मा ज्योतिबा फुले के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं



**बरेली, अमृत विचार :** सपा कार्यालय में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि महात्मा फुले के क्रांतिकारी विचारों को जन-जन तक पहुंचाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने ज्योतिबा फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे 19 वीं सदी के एक ऐसे मार्गदर्शक थे, जिन्होंने जाति व्यवस्था और सामाजिक असमानता के खिलाफ सशक्त आवाज उठाई। उन्होंने वंचितों और महिलाओं के उत्थान को ही समाज के विकास का आधार माना। पूर्व विधायक विजय पाल सिंह ने भी विचार रखे। सिद्धार्थ सिंह ने 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को सुरक्षित सीटों पर भव्यता से मनाने की रूपरेखा तैयार की। प्रदेश सचिव शुभलेश यादव, यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव, सुरेन्द्र सोनकर, रणवीर जाटव, संजीव यादव, राजेश मौर्या, रविन्द्र यादव, अशोक यादव, हरिओम प्रजापति, बलराम यादव, सुरेश गंगवार, शकील अहमद, रमेश यादव, संजय वर्मा, नाजिम कुरैशी, सरताज अंसारी, भारती चौहान, शब्बो खान, सीमा श्रीवास्तव, अभिषेक यादव, जितेंद्र मुंडे, रामसेवक प्रजापति, सचिन आनंद आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### डॉ. शोभनी को पीएचडी की उपाधि, रक्षा मंत्री ने किया सम्मानित

**बरेली, अमृत विचार :** शहर की डॉ. शोभनी सक्सेना ने पत्रकारिता के क्षेत्र में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। डॉ. सक्सेना के शोध का मुख्य विषय "मुद्रित माध्यमों में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों का अध्ययन : विषय-वस्तु विश्लेषण" रहा। वर्ष 2015 में आरंभ हुए इस शोध कार्य को उन्होंने 2021 में पूर्ण किया।

### बीएड द्वितीय वर्ष के परीक्षाफॉर्म कल से भरे जाएंगे

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बीएड द्वितीय वर्ष 2026 के संस्थागत, भूतपूर्व के परीक्षाफॉर्म 13 अप्रैल से भरे जाएंगे। विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर फॉर्म उपलब्ध होंगे। छात्र निर्धारित शुल्क डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर सकेंगे। फॉर्म भरने और शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 18 अप्रैल निर्धारित की गई है, जबकि आवेदन पत्रों के ऑनलाइन अनुमोदन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि बीएड प्रथम वर्ष 2026 मुख्य परीक्षा के परीक्षाफॉर्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरवाए जाएंगे। इसे भरने की तारीख अलग से घोषित की जाएगी।

### छात्रों को सिखाए लेखन के गुर

**बरेली, अमृत विचार :** पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन (पीजीजीजेएमसी) के छात्रों के लिए शनिवार का दिन प्रेरणादायक रहा, जब प्रसिद्ध लेखिका शिवी आशीष स्वामी ने कक्षा में पहुंचकर लेखन की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने अपने जीवन के संघर्षपूर्ण अनुभव भी साझा किए, विभाग प्रभारी डॉ. रमेश त्रिपाठी, मुख्य अतिथि एसोसिएट प्रो. योगेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# प्रो. सुंदर बने आईटी सेल के प्रभारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज में दायित्वों में बदलाव, कई शिक्षकों को नई जिम्मेदारियां सौंपी



**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में प्रशासनिक व शैक्षणिक कार्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न समितियों व प्रभारों में बदलाव किया गया है। अग्रिम आदेशों तक कई महत्वपूर्ण पदों पर शिक्षकों की नई नियुक्तियां की गई हैं। जारी आदेश के अनुसार भौतिक विभाग के प्रोफेसर सुंदर सिंह को आईटी सेल का प्रभारी बनाया गया है, जबकि अर्थशास्त्र विभाग की प्रोफेसर शिखा को कॉलेज वेबसाइट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगीत विभाग की प्रो. जय श्री मिश्र को शैक्षिक एवं सांस्कृतिक परिषद का संयोजक तथा राजनीतिक शास्त्र की प्रो. नीलम गुप्ता को परिषद का सचिव नियुक्त किया गया है।

ललित कला विभाग के प्रो. सूरजपाल साहू को हॉट एंड कोल्ड का प्रभारी बनाया गया है। वहीं दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो. आरके गुप्ता को समय सारणी समिति का संयोजक और प्रो. शिखा को समिति का सदस्य नामित किया गया है। करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल में भी बदलाव करते हुए बॉटनी विभाग के डॉ. राजीव यादव को सचिव व भौतिकी विभाग की प्रो. रितु अग्रवाल को संयोजक बनाया गया है। कॉमर्स विभाग के प्रो. दयाराम को कीड़ा समिति का संयोजक और प्रो. पंकज यादव को डीजी शक्ति पोर्टल का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# शिशु-मातृ मृत्यु दर कम करने को समय पर जांच जरूरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शनिवार को सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम- 2026 का आयोजन हुआ। जिसका उद्देश्य गर्भवतियों एवं नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और सुरक्षा प्रसव को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने शिशु-मातृ मृत्यु दर कम करना, एनीमिया से बचाना और बाल विवाह जैसी कुरीतियों के प्रति जागरूक किया। अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. प्रियंका ए मसीह व उप प्रधानाचार्य डॉ. अनीता पी ने की। प्रधानाचार्य ने कहा कि हर महिला को सुरक्षित मातृत्व का अधिकार है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसके प्रति जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने छात्रों को समुदाय में जाकर जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। संचालन करते हुए नर्सिंग ट्यूटर वत्सला गौतम ने कहा कि सुरक्षित मातृत्व का अर्थ केवल प्रसव तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें गर्भावस्था के दौरान उचित देखभाल, प्रसव के समय प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी की मौजूदगी और प्रसवोत्तर देखभाल भी शामिल है। उन्होंने बताया कि शिशु-मातृ मृत्यु दर कम करने के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, आयरन एवं फोलिक एसिड का सेवन, टीकाकरण और संस्थागत प्रसव जरूरी है। निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक और स्टूडेंट। ● अमृत विचार

# एमडीसीए और आईके नेक्स्ट जनरेशन के बीच खिताबी जंग

## सेमीफाइनल में एमडीसीए ने बजाज टेक्सटाइल टीम को 34 रन से हराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 के सेमीफाइनल मुकाबलों में शनिवार को रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला। पहले सेमीफाइनल में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसीए) ने बजाज टेक्सटाइल अमरोहा को 34 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में आईके नेक्स्ट जनरेशन ने एसएनएस बुलंदशहर को 73 रन से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।

पहले सेमीफाइनल में एमडीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 243 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ऋतुराज शर्मा (76), हर्ष त्यागी (55) और निर्देश बैसोया (43) की तेज पारियों ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। जवाब में बजाज टेक्सटाइल की टीम निर्धारित ओवर में 209 रन ही बना सकी। एमडीसीए के निर्देश बैसोया ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 43 रन बनाने के साथ 3 विकेट भी लिए और मैन ऑफ द मैच चुने गए।

दूसरे सेमीफाइनल में आईके नेक्स्ट जनरेशन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 212 रन बनाए। कप्तान शिवम शर्मा ने 26 गेंदों पर 55 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि अक्षु बाजवा ने 54 रन का योगदान दिया। जवाब में एसएनएस बुलंदशहर की टीम शुरुआत से दबाव में रही और 20 ओवर में 8 विकेट पर 139 रन ही बना सकी। शिवम शर्मा को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले चौथे क्वार्टर फाइनल में एसएनएस बुलंदशहर ने एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी को 3 रन से हराकर बड़ा उलटफेर किया। 243 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एसआरएमएस की टीम 240 रन ही बना सकी। इस मैच में अनुभव सिंह ने 168 रन की विस्फोटक पारी (14 छक्के, 13 चौके) खेलने के साथ 3 विकेट भी लिए और मैन ऑफ द मैच बने। एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबलों में बड़ी संख्या में दर्शक मैचों का आनंद ले रहे हैं।




विजयी टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। ● अमृत विचार

### आज शाम होगा फाइनल मुकाबला

आयोजन समिति के सचिव नितिन सक्सेना के अनुसार फाइनल मैच रविवार शाम 5 बजे खेला जाएगा। जिसमें एमडीसीए और आईके नेक्स्ट जनरेशन की टीमें आमने-सामने होंगी। विजेता टीम को 2 लाख रुपये और उपविजेता को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को 11 हजार रुपये तथा बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर को 5100-5100 रुपये का पुरस्कार मिलेगा।

## गज ग्रीन और स्मार्ट सिटी क्लब ने जीते अपने मैच

**बरेली, अमृत विचार :** निशांत पटेल स्पोर्ट्स हब के खेल मैदान पर चल रहे जीपी कॉर्पोरेट क्रिकेट लीग में गज ग्रीन चैलेंजर्स और बरेली स्मार्ट सिटी क्लब ने अपने मैच जीते। पहले मुकाबले में गज ग्रीन चैलेंजर्स ने मिशन इलेवन को हराया।

मिशन इलेवन की टीम 19.4 ओवरों में 141 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से वैभव सिंह ने 41 रन बनाए, जबकि आयुष मैसी, डॉ. सलील और अमन ने क्रमशः 22-22 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गज ग्रीन चैलेंजर्स की टीम ने 16.5 ओवरों में 3 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से आतिफ मिर्जा ने नाबाद 45 रन बनाए, जबकि आशीष दुबे ने 37 रनों की पारी खेली। शानदार गेंदबाजी के लिए अर्पित अग्रवाल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में बरेली स्मार्ट सिटी क्लब ने बरेली ब्लास्टर्स को हराया। बरेली स्मार्ट सिटी क्लब ने 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 196 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बरेली ब्लास्टर्स की टीम 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 189 रन ही बना सकी।

# आईएमए फुटबॉल लीग सीजन-3 ट्रॉफी का अनावरण



ट्राफी अनावरण समारोह में मौजूद पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आज होगी लीग की शुरुआत, 12 टीमें लेंगी भाग

**अमृत विचार :** आईएमए की ओर से फुटबॉल लीग सीजन-3 (2026) के ट्रॉफी का अनावरण समारोह शनिवार को आईएमए हॉल में किया गया।

आईएमए अध्यक्ष डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आईएमए फुटबॉल लीग सीजन-3 का शुभारंभ रविवार को डोहरा रोड स्थित आईएमए फार्म्स में होगा। मैच दोपहर 3 बजे से शुरू होंगे। लीग में 12 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें 6 पुरुष, 2 महिला और 4 किड्स टीमें शामिल हैं। पुरुष वर्ग की टीमों में चंद्रलोक चैलेंजर्स, प्रताप ईगलस, रोहिलखंड यूनाइटेड, न्यूरोकिट स्मार्ट स्टाइकर, गंगाशील स्टाइकर, ग्लोबल गलेडियर्स, जबकि महिला वर्ग में नोवा आईवीएफ, एफसी क्वीइन, औराडर्मी औरर भाग लेंगी। किड्स वर्ग में भी खिलाड़ियों का उत्साह देखने को मिलेगा। ब्लो 11, प्रसीडेंट पैंथर्स, सेक्रेटी सार्क, वेदान इंविसीवल आदि टीमें भाग लेंगी। डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल चेयरमैन स्पोर्ट्स, डॉ. अंशु अग्रवाल मानद सचिव, डॉ. वीरेंद्र प्रताप चेयरमैन फुटबॉल लीग, डॉ. रोहम गुप्ता, डॉ. शशांक मिश्रा, डॉ. कामेंद्र सिंह, डॉ. जेपी गंगवार, डॉ. एकांश अग्रवाल, डॉ. हिमांशु अग्रवाल, डॉ. रतन पाल सिंह, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. अमीद मुराद, डॉ. संध्या गंगवार, डॉ. रुचि श्रीवास्तव, डॉ. मेघा टंडन मौजूद रहीं।

# श्रीकृष्ण व सुदामा के मिलन का मार्मिक वर्णन किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फूलों की होली के साथ श्रीमद्भागवत कथा को दिया विश्राम

**अमृत विचार :** वूमेन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से बड़ा बाग हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा को शनिवार को विश्राम दिया गया। अंतिम दिन आचार्य अतुलेश्वर सनाढ्य ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

आचार्य ने शुकदेव की विदाई और श्रीमद्भागवत व्यास पूजन के महत्व पर भी प्रकाश डाला। भक्तों ने फूलों की होली का जमकर आनंद लिया और पूरा परिसर राधे-राधे के जयघोष से गुंजायमान रहा। बड़ी दूर से चलकर आया हूं कान्हा और वृंदावन में राधे नाम जपना जैसे भजनों ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंजरी सक्सेना, मोनिका अग्रवाल, लेखा खंडेलवाल, कुसुम सिंह, शोभा सक्सेना, आयुष बंसल, दीप्ति गंगवार, मंजू गुप्ता, रंजनाअग्रवाल, सीमा, पूनम, गीता, संदीप अग्रवाल, हरिपाल सिंह, दिनेश जौहरी, पराग रस्तोगी, लकी शर्मा, अनिल कुमार, प्रकाश चन्द्र शर्मा, वैभव शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ● अमृत विचार

### सोमनाथ मंदिर में आज होगा राम कथा का आरंभ

**बरेली, अमृत विचार :** प्रभात नगर स्थित श्री सोमनाथ मंदिर में 12 से 20 अप्रैल तक भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा प्रतिदिन सायं 4:30 से रात्रि 8 बजे तक होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ मंदिर परिसर से किया जाएगा। कथा का वाचन वृंदावन धाम के आचार्य शम्भूनाथ योगी महाराज करेंगे। आयोजन में महेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अशोक गोयल, नीरज अग्रवाल, अमित अरोड़ा, डॉ. डी.के. गुप्ता, डॉ. रश्मि शर्मा, सरदार हरजीत सिंह आदि शामिल हैं। कथा के विश्राम पर हवन एवं भंडारे का आयोजन होगा। श्री सोमनाथ मंदिर ट्रस्ट ने लोगों से आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु, गूंजे महादेव के जयकारे

**बरेली, अमृत विचार :** राजेंद्र नगर स्थित नीलकंठ मंदिर में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। कथावाचक ने भगवान शिव की सरलता और माता पार्वती की अटूट तपस्या का वर्णन करते हुए शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग को विस्तार से सुनाया। विवाह प्रसंग के दौरान पूरा पंडाल हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इस दिव्य प्रसंग को सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए। मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार और नामित पार्षद गौरव सक्सेना उपस्थित रहे। मंदिर समिति के अध्यक्ष सतीश कातिब 'मम्मा', पवन अरोड़ा और एस.डी. शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य यजमान विशाल कपूर एवं प्रेरणा कपूर ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। संरक्षक आयुष अग्रवाल, अमित मिश्रा, अमन शर्मा, आरएस शर्मा और महिला मंडल की सक्रिय भूमिका रही।



## सिटी डायरी

### विश्वविद्यालय के स्टूडेंट ने औद्योगिक भ्रमण किया



रेली, अमृत विचार : महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के एमबीए एवं बीएमएस के विद्यार्थियों ने प्रबंधन शिक्षा को व्यावहारिक रूप से सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बीएल. एग्रो का औद्योगिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने उत्पादन इकाई का अवलोकन किया। उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग व लॉजिस्टिक्स जैसे विभागों की कार्यप्रणाली को समझा। बीएल एग्रो के चेयरमैन घनश्याम खंडेलवाल, जीएम (एचआर) अजय भट्ट, एएन सिंह ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कंपनी की कार्य संस्कृति, मानव संसाधन प्रबंधन और आधुनिक औद्योगिक तकनीकों की जानकारी दी। प्रो. डॉ. तुलिका सक्सेना ने कहा कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने इस पहल की सराहना की। डॉ. हरीश भट्ट, डॉ. नंदिता शर्मा, डॉ. ऋचा सिंह और डॉ. सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

### मानदेय वृद्धि से खिले शिक्षा मित्रों के चेहरे, जताया आभार

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश सरकार का नया शासनादेश जिले के 2828 शिक्षामित्रों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष कपिल यादव ने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग ने परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत इन शिक्षामित्रों का मानदेय 10 से बढ़ाकर 18 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया है, जो एक अप्रैल से प्रभावी होगा। इस ऐतिहासिक निर्णय से जिले के शिक्षाकर्मियों और संगठन के पदाधिकारियों में खुशी की लहर है। संघ ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में सरकार उनकी सेवा शर्तों में भी इसी प्रकार सुधार करेगी। अनिल गंगवार, कुमुद केशव पांडे, अरविंद गंगवार, कुंवरसेन गंगवार, सर्वेश पटेल, अर्जुन सिंह, कृष्णा कुमारी, संजीव गंगवार, सतीश गंगवार, दिनेश कुमार गंगवार, जसवीर यादव, संजीव कुमार, भगवान सिंह यादव, संतोष कुमार, शिशुपाल सिंह, नरेश चंद्र गंगवार, राजीव उपाध्याय, आसिम हुसैन ने इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया है।।

### डेंटल एंग्जायटी से बचने को डॉक्टर से खुलकर बात करें

**बरेली, अमृत विचार :** आज के समय में बहुत से लोग दांतों के डॉक्टर के पास जाने से डरते हैं। इस डर को डेंटल एंग्जायटी कहा जाता है। यह समस्या बच्चों से लेकर बड़ों तक किसी में भी हो सकती है। इसका सीधा असर दांतों की सेहत पर पड़ता है। इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के विशेषज्ञों के अनुसार जब किसी व्यक्ति को दांतों के इलाज के बारे में सोचकर घबराहट, डर या बेचैनी महसूस होती है, तो इसे डेंटल एंग्जायटी कहते हैं। कुछ लोगों में यह डर इतना ज्यादा होता है कि वे इलाज कराने से ही बचते हैं। दूसरों से सुनी हुई नकारात्मक बातें, दर्द होने का भय से लोग समय पर इलाज नहीं कराते हैं, जिससे छोटी समस्या बड़ी बन जाती है। जैसे- कैविटी बढ़कर दर्द, सूजन या दांत निकलवाने तक की नौबत आ सकती है। बच्चों में यह डर अधिक देखा जाता है। अगर उन्हें शुरुआत से सही तरीके से समझाया जाए और उनका अनुभव अच्छा रखा जाए, तो यह डर कम हो सकता है। डर को कम करने के लिए दांतों के डॉक्टर से खुलकर बात करें। नियमित चेकअप कराते रहें। बच्चों को सकारात्मक तरीके से समझाएं।

### बच्चों ने दिखाई वैज्ञानिक और कलात्मक प्रतिभा




**बरेली, अमृत विचार :** नकटिया स्थित जनता इंग्लिश इंटर कॉलेज में शनिवार को ''अबरार एक्सपो- ए सेलिब्रेशन ऑफ स्टूडेंट्स स्किल'' महोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने विज्ञान, कला और हस्तशिल्प के माध्यम से हुनर का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि पूर्व सेना अधिकारी शिशुपाल मौर्य, एआरटीओ डॉ. पीके सरोज, जेसीओ संजीव कुमार वर्मा और क्षेत्रीय निरीक्षक हारून सैफी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास और नई सोच का संचार करते हैं। हाइड्रोलिक विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने ब्रिज, रेन वॉटर अलार्म जैसे बेहतरीन मॉडल पेश किए, वहीं पेंटिंग और क्राफ्ट में चारकोल आर्ट व लिप्पन आर्ट की कलाकृतियों ने सभी का मन मोह लिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में शिफा हुमाइरा, नगमा और लुकमान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक हाजी एम. इकबाल एडवोकेट, डायरेक्टर काशिफ रजा आदि मौजूद रहे।

# ज्योतिबा फुले के विचारों को जीवन में उतारने का आह्वान

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय में महान समाज सुधारक एवं विचारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम कुलपति प्रो. केपी सिंह की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

समारोह की शुरुआत विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित महात्मा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। कुलपति प्रो. केपी सिंह, कुलसचिव हरीश चंद आदि उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले शोधपीठ के तत्वावधान में डॉ. सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। कुलपति ने कहा कि महात्मा फुले केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि समता, मानवता और शिक्षा पर आधारित एक विचारधारा हैं। उन्होंने शिक्षा के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने का कार्य किया, जो आज भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से फुले के विचारों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। रूटा टीचर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार सिंह, प्रो. सलीम खान, सुधाकर मौर्य सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। सभी ने फुले के आदर्शों पर चलने और उनके विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



चित्र पर माला अर्पित करते कुलपति।

## रुहेलखंड विवि ने परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2025-26 के तहत स्नातक स्तर की विभिन्न सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए आवेदन तिथियों में विस्तार किया है। बीए, बीएससी, बीकॉम तथा बीएससी (गृहविज्ञान) के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर की संस्थागत एवं बैक परीक्षाओं के आवेदन अब निर्धारित नई तिथियों तक भरे जा सकेंगे।

छात्र ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म 15 अप्रैल तक भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। वहीं, भरे हुए आवेदन पत्रों को महाविद्यालय में जमा करने तथा ऑनलाइन अनुमोदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है।

# विश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने की दी प्रेरणा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ईस्टर के बाद महिला प्रार्थना सम्मेलन का हुआ आयोजन
- महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया

**अमृत विचार :** ईस्टर पर्व के बाद मनाए जा रहे महिला सप्ताह के अंतर्गत इंटरडिपेंडेंट बैप्टिस्ट चर्च ने शनिवार को दो दिवसीय महिला प्रार्थना सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

ईसाई मान्यता के अनुसार प्रभु यीशु मसीह ने पुनरुत्थान के बाद सबसे पहले महिलाओं को दर्शन दिए और उन्हें अपने जीवित होने का संदेश फैलाने का दायित्व सौंपा। इसी आधार पर महिला प्रार्थना सप्ताह का आयोजन किया जाता है। सम्मेलन में मसीही कलीसिया चर्च, सेंट पॉल चर्च और क्राइस्ट मेथोडिस्ट चर्च सहित कई चर्चों की बहनों ने भागीदारी की। विशेष प्रार्थनाएं की गईं और आध्यात्मिक संदेश दिए गए। ए.जी. चर्च की लेडी पास्टर सिस्टर मोनी जॉन ने संदेश में मसीही महिलाओं को बुद्धिमत्ता और विश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संचालन सिस्टर अंशिका सैमुअल और सिस्टर ललिता सैमुअल ने किया। प्रार्थनाओं में सिस्टर वीनस चरन, सुषमा राजेश, सुषमा मैसी, रूथ पॉल और मीना लेखराज सहित कई महिलाओं ने सहभागिता की। पास्टर मोनी जॉन, रूथ पॉल, सिस्टर आशा पॉल और पास्टर शैली शर्मा का स्वागत किया गया। रेखा थॉमस, ममता मैसी आदि ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए। समापन सीनियर पास्टर रेव. डॉ. विलियम सैमुअल के आशीर्वचन से हुआ। रविवार को महिला विशेष आराधना आयोजित होगी।